# हरेली तिहार के अवसर पर आज बनोरा व सूपा गौठान से होगी जिले में गौ-मूत्र खरीदी की शुरूआत

**❑ राज्य में पशुपालकों की आय और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक और पहल**

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य के गौठानों में 28 जुलाई हरेली तिहार से गौ-मूत्र की खरीदी की शुरूआत होगी। प्रथम चरण में रायगढ़ जिले में गौ-मूत्र खरीदी के लिए विकासखण्ड रायगढ़ के बनोरा एवं विकासखण्ड पुसौर के सुपा गौठान का चयन किया गया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में गौ-मूत्र क्रय के लिए न्यूनतम राशि 4 रूपए प्रति लीटर प्रस्तावित की गई है। क्रय गौ-मूत्र से महिला स्व-सहायता समूह की मदद से जीवामृत एवं कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

जिले के गौठानों में 28 जुलाई को हरेली त्यौहार मनाया जाएगा। इस मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रस्साकशी, भौंरा, नारियल फेंक आदि की प्रतियोगिताएं तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन आदि की भी स्पर्धाएं होंगी।




उप संचालक पशुपालन पाण्डेय ने बताया कि गौ-मूत्र खरीदी के लिए समूह का चयन कर गौ-मूत्र खरीदी व टेस्टिंग संबंधी सभी प्रकार की ट्रेनिंग दी गई है। जिससे समूह को गौ-मूत्र खरीदी में परेशानी न हो। पशुपालन विभाग द्वारा गौ-मूत्र टेस्ट के लिए पीएच मीटर तथा यूरिनो मीटर प्रदाय किया गया है। इन दोनों चयनित गौठानों में 400 से अधिक पशुओं की संख्या है। लिहाजा इसका लाभ समूह के साथ पशुपालकों को मिलेगा। हार्टीकल्चर विभाग द्वारा गौ-मूत्र के उत्पादों के निर्माण के लिए नीम, करंज, सीताफल जैसे आवश्यक पौधारोपण किया गया है। जिससे गौ-मूत्र उत्पाद का निर्माण किया जा सके। गौ-मूत्र से कीटनाशक और जीवामृत का निर्माण किया जाएगा। इसमें कीटनाशक नाम के अनुरूप कीट नष्ट करने व जीवामृत का उपयोग फसल के ग्रोथ बढ़ाने के लिए किया जायेगा।

गौरतलब है कि दो साल पहले 20 जुलाई 2020 को राज्य में हरेली पर्व के दिन से ही गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर की खरीदी की शुरूआत हुई थी। गोबर से गौठानों में अब तक 20 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर प्लस कम्पोस्ट महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित किए जा चुके हैं, जिसके चलते राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है। गौ-मूत्र की खरीदी राज्य में जैविक खेती के प्रयासों को और आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। इसी को ध्यान में रखकर राज्य में गौ-मूत्र की खरीदी शुरू की जा रही है। इससे पशुपालकों को गौ-मूत्र बेचने से जहां एक ओर अतिरिक्त आय होगी, वहीं दूसरी ओर महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से जीवामृत, गौ-मूत्र की कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किए जाने से समूहों को रोजगार और आय का एक और जरिया मिलेगा। जीवामृत और गौ-मूत्र की कीट नियंत्रक उत्पाद का उपयोग किसान भाई रासायनिक कीटनाशक के बदले कर सकेंगे, जिससे कृषि में कास्ट लागत कम होगी। खाद्यान्न की विषाक्तता में कमी आएगी। गोधन न्याय योजना राज्य के ग्रामीण अंचल में बेहद लोकप्रिय योजना साबित हुई है। इस योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों से लगभग दो सालों में 150 करोड़ से अधिक की गोबर खरीदी की गई है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीण पशुपालकों को मिला है। क्रय गोबर से वर्मी खाद का निर्माण एवं विक्रय से महिला स्व-सहायता समूहों और गौठान समितियों को 143 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अधेड़ से 16 लाख से अधिक की ठगी, अज्ञात महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** विदेशी करेंसी एवं 1 किलो सोने का सिक्का देने का लालच देकर अधेड़ से 16 लाख से अधिक की रकम की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक कालोनी तिल्दा नेवरा निवासी प्रार्थी अम्भोज प्रसाद पाठक 58 वर्ष ने थाना में शिकायत किया फेसबुक के माध्यम से उसका एक विदेशी महिला से परिचय हुआ। जिसके बाद इन दोनों में लगातार बाते होने लगी। इस दौरान महिला ने अपने आप को पीड़ित दुखी होना बताया और प्रार्थी को अपने झांसे में लेकर अपने संपत्ति में से विदेशी करेंसी एवं 1 किलो सोना देने का लालच दिया। जिससे प्रार्थी उसके झांसे में आ गया। आरोपी महिला ने भेजने का प्रोसेस व अन्य तरीकों से प्रार्थी से अलग-अलग बैंक खातों में कुल 16 लाख 42 हजार 198 रुपए ठग लिए। जब महिला द्वारा और पैसे की मांग की गई तो प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास हुआ। जिसके बाद उसने इसकी शिकायत नेवरा थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शराब पिलाते 8 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब पिलाते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने अवैध रूप से शराब पिलाते हुए आरोपी एवन निषाद 22 वर्ष, श्रीराम सिन्हा 38 वर्ष व दिनदयाल केवट 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी बिहारी साहू 28 वर्ष को व मोवा पुलिस ने आरोपी डिगेश्वर पटेल 24 वर्ष व देवेंद्र साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने आरोपी अश्वनी कुमार ढीढी 28 वर्ष व सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार मनवानी 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### देशी कट्टा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारीके अनुसार कल शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति देशी कट्टा लेकर ऑक्सीजन गार्डन के पास घुम रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक नग देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था तभी धर दबोचा। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, देशी कट्टा कहां से लाया था।

### अस्पताल से चकमा देकर फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर (आरएनएस)।** जिला अस्पताल में उस समय हडक़ंप मच गया, जब इलाज के दौरान एक चोरी का आरोपी महेंद्र दीवान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। कोतवाली पुलिस फरार आरोपी को जल्द ही एमजी वार्ड के एक निर्माणाधीन मकान से गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में 15 जुलाई को व्यापारी कपूर जैन ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया था कि एक अज्ञात व्यक्ति उसके कपड़े व ज्वेलरी के दुकान में घुसकर 02 नग मोबाइल, सोने का लॉकेट और नगदी समेत करीब 70 हजार की चोरी कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उक्त आरोपी की जांच शुरू किया तो पाया कि उसका नाम महेंद्र दीवान है। दो माह पहले नारायणपुर कैंप में सीएएफ के जवान के रूप में पदस्थ था, पिछले दो महीने से अनुपस्थित चल रहा है, 15 जुलाई को वह कपड़ा और ज्वेलरी दुकान से चोरी किया और फरार हो गया।

# नक्सलियों ने की एक और ग्रामीण युवक की हत्या

**❑ नक्सल मामले 2016—17 में एक वर्ष जेल की सजा काट चुका है, मृतक**



**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के अंदरूनी इलाकों में पुलिस मुखबिर के नाम पर नक्सलियों के द्वारा निर्दोष ग्रामीणों की हत्या करने दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार की रात को गादीरास थाना क्षेत्र के मारोकी के गोरगुंडीपारा में नक्सलियों ने कुंजाम देवा नाम के युवक की हत्या कर दी, मृतक 2016—17 में नक्सल मामले में जेल जा चुका है। जेल से रिहा होने के बाद गांव में रहकर काम कर रहा था। बता दें कि बीते दो दिन पहले भी पोलमपल्ली में मुखबिर के आरोप में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 9-10 बजे कुछ नक्सली कुंजाम देवा को उसके घर से उठा ले गये, मौके पर मौजूद उसकी पत्नी डरकर वहां से भाग गई। घर से करीब 50-60 मीटर दूर ले जाकर नक्सलियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। नक्सलियों के जाने के कुछ देर बाद कुजाम देवा की पत्नी मौके पर पहुंची, कुंजाम देवा खून से लतपत जमीन पर गिरा पड़ा था। नक्सलियों की खूनी करतूत से बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाके में पता नही कौन-कब मुखबीर बन जाये और उसकी नक्सली हत्या कर दे, यहां नक्सली तालीबानी अंदाज में मौत बांटते हैं।

गादीरास थाना प्रभारी रितेश यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टय घटना नक्सली वारदात प्रतीत हो रहा है, 2016—17 में मृतक कुजाम देवा नक्सली मामले में जेल जा चुका है। एक साल की सजा काटने के बाद गांव में ही रहकर जीवन यापन कर रहा था। बीती रात उसकी हत्या कर दी गई, मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# विवाहिता के आत्महत्या मामले में आरोपित पति को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

**❑ आरोपी की प्रताड़ना से उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर की थी आत्महत्या**



**रायगढ़।** थाना लैलूंगा में मर्ग क्रमांक 04/2022 धारा 174 जा.फौ. की जांच पर मृतिका कुमारी भुईहर (32 साल) को उसके पति राजकुमार भुईहर (उम्र 37 साल) निवासी ग्राम लमडांड, थाना लैलूंगा द्वारा प्रताडित हमेशा झगड़ा, मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में आरोपित मृतिका के पति राजकुमार भुईहर पर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले में फरार आरोपी राजकुमार भुईहर को गांव आने की सूचना पर कल दिनांक 26.07.2022 के रात्रि लैलूंगा पुलिस द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार किया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर जेएमएफसी घरघोड़ा न्यायालय भेजा गया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण-

मर्ग जांच दौरान मृतिका के मायके पक्ष के लोगों एवं उसके घर आसपास रहने वालों से पूछताछ कर बयान लिया। मृतिका का भाई बताया कि कुमारी भुईहर का शादी करीब 15 साल पहले ग्राम लमडांड के राजकुमार भुईहर के साथ सामाजिक रीति के साथ हुआ है जिसके 04 बच्चे हैं। कुमारी भुईहर का पति राजकुमार हमेशा लडाई झगडा करता था। इस कारण कई बार लमडांड में आकर मिटिंग भी किए थे। दिनांक 10.01.2011 के रात बहन का लडका परखित फोन करके बताया कि मां (कुमारी भुईहर) घर के परछी के म्यार में प्लास्टिक रस्सी से फांसी लगाकर लटकी हुई है, मर गई है। तब अचंभित हो गये, दूसरे दिन सबेरे जाकर देखे। अन्य गवाह भी बताये कि राजकुमार भुईहर उसकी पत्नी कुमारी को झगड़ा मारपीट करता था जिससे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच से आरोपी राजकुमार भुईहर पर धारा 306 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचनाक्रम में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# आपके द्वार आयुष्मान भारत अभियान के तृतीय चरण का संचालन 1 अगस्त से

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरीन ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 01 अगस्त से 15 अक्टूबर 2022 के दौरान जिले में आपके द्वार आयुष्मान भारत अभियान के तृतीय चरण का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत अभियान का उद्घाटन 01 अगस्त 2022 को जिला/नगरीय निकाय/विकासखंड/ग्राम पंचायत/वार्ड स्तर पर जन प्रतिनिधियों, विशेषकर पंचायती राज व नगरीय निकायों के माध्यम से अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। जिले में 8,30,072 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। जिसके अनुसार अभी तक भी जिले में मात्र 57.4 प्रतिशत राशन कार्डधारी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन किये जा सके हैं। किन्तु शेष व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन अभी नहीं किया जा सका है। अत: अभियान के तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) अनुबंधित कंपनी को भी जिलें में आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु संलग्न किया गया है। इसके साथ ही पूर्व में कार्यरत सीएससी कंपनी एवं जिले के समस्त अनुबंधित शासकीय चिकित्सा संस्थानों में पीएमएएम व कियोस्क ऑपरेटरों द्वारा भी उक्त संस्थानों पर अभियान के दौरान नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीयन निरंतर जारी रहेगा।

इस विशेष अभियान हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनायी गयी है। राज्य शासन द्वारा आपके द्वार आयुष्मान अभियान की समीक्षा समय-समय पर की जावेगी। अभियान का संचालन एक-एक करके सर्वाधिक शेष हितग्राही वाले विकासखंड से प्रारंभ करते हुए एवं पूर्व की भांति रूट चार्ट बना कर कार्य किया जायेगा। उपरोक्त शिविरों के अतिरिक्त मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लीनिकों, हेल्थ एंड वैलनस सेंटर्स एवं समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों (शासकीय मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, इत्यादि) तथा राशन वितरण दुकानों में भी कार्य-योजना अनुसार पंजीयन शिविर का संचालन किया जाएगा। एएचएम के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर बीपीएम की भूमिका रहेगी। समस्त प्रारूप (प्रारूप-अ एवं ब) एवं सूचना-पर्ची मितानिनों एवं शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित किया जाना सुनिश्चित करना एवं बीपीएम के माध्यम से इसे पूर्ण करना है। सेक्टर सुपरवाइजर/शहरी क्षेत्र कर्मचारियों से प्राप्त उक्त समस्त प्रारूप एवं शेष सूचना-पर्ची को योजना के पोर्टल पर डाटा एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से समय-सीमा में एंट्री कराया जाएगा। बीपीएम विकासखण्ड के एसडीएम एवं सीईओ जनपद से समन्वय करके यथासंभव कार्ड निर्माण एजेंसी के ऑपरेटरों के ठहरने हेतु विकासखंड या कार्य-योजनानुसार समीपस्थ/उपयुक्त स्थल प्राप्ति में सहयोग करेंगे। जिससे कि अभियान को अधिक सफल बनाया जा सकेगा। मितानिनों या शहरी क्षेत्र में आंगनबाडी कार्यकर्ता की भूमिका भी विशेष रहेगी। जिसमें शिविर दिनांक से 5 दिवस पूर्व निम्न कार्य किए जाने होंगे। परिवारों को योजना की जानकारी देना एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक मोबाईल नंबर, राशनकार्ड एवं आधार कार्ड लेकर जाने की जानकारी देते हुए प्रत्येक छुटे हुए व्यक्ति को सूचना-पर्ची देते हुए समीपस्थ पंजीयन केन्द्र में भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक छूटे परिवार की जानकारी प्रारूप-अ में एकत्र किया जाना है। प्रारूप- ब में एसईसीसी परिवार की जानकारी एकत्र किया जाना है। शिविर उपरांत समस्त प्रारूप व शेष सूचना-पर्ची ए.एन.एम. को सुपुर्द किया जाना है। शिविर आयोजन के दिन छूटे हुए व्यक्तियों को पंजीयन हेतु पुन: सूचित करना है। पूर्व अभियान चरण में पंजीकृत व्यक्तियों को पीभीसी कार्ड प्राप्त न होने कि दशा में व्यक्ति संबंधित च्वॉइस सेंटर में संपर्क करें या पेपर प्रिंट प्राप्त करने हेतु नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ आयुष्मान मित्र से संपर्क कर सकते है।

# यात्री बस अनियंत्रित होकर नाले में गिरी,20 यात्रियों को आई चोटे



**पत्थलगांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव इलाके में बुधवार सुबह एक सडक़ हादसे की खबर प्रकाश में आई है।

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के शिवपुर में हादसा हुआ है. जहां तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी. बस में 15 से 20 यात्री सवार थे. सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बस रायगढ़ से पत्थलगांव आ रही थी। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के शिवपुर का मामला है. मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुची जशपुर जिला पुलिस तफ्तीश में जुट गई है।

# महिला कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

**रायगढ (आरएनएस)।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की कठपुतली संस्था श्वष्ठ द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को परेशान एवं बदनाम किए जाने की कोशिश जारी है। पूर्व में सांसद राहुल गांधी जी को घंटो परेशान किया गया। अब कांग्रेस की सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया जी को ई डी कार्यालय बुलाकर परेशान किया जा रहा है।

इसके विरोध में सांसद माननीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में शांति पूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा है।जिस पर सरकार की तानाशाही एवं दमनकारी नीति ने राहुल गांधी जी को हिरासत में ले लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल जी सडक़ पर धरने में बैठ गए।

उक्त प्रदर्शन पर दमनकारी नीतियां तानाशाही की घोर निन्दा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सु डिसूज़ा जी, छत्तीसगढ़ प्रभारी सेहरावत जी एवं फूलो नेताम सांसद व प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं व पदाधिकारियों को विरोध प्रदर्शन तथा प्रधानमंत्री का पुतला दहन का निर्णय लिया है।

इसी कड़ी में आज रायगढ़ जिला महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान के नेतृत्व में स्थानीय स्टेशन चौक में महिला कांग्रेसियों और जिला कॉंग्रेस कमेटी रायगढ़



शहर के साथ केंद्र सरकार को जमकर नारेबाजी के माध्यम से कोसा और प्रधानमंत्री का पुतला जलाया।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान, पिछड़ा वर्ग कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष संजय देवांगन, अरुणा चौहान, रमेश भगत, विकास बोहिदार, विकास ठेठवार, वारसुन, रिंकी पाण्डेय, यशोदा कश्यप, सुनीता मिंज, सजुक्ता सिंह, सत्यभामा, नीतू बेगम, राधा साहू , केवरा बाई, उर्मिला भगत, विकासलता भगत, आशीष केशरी सहित और कॉंग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरेली से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की होगी शुरूआत

**❑ महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों के प्रति जागरूक करने राज्य महिला आयोग की नई पहल**

**❑ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हरी झंडी दिखाकर महतारी न्याय रथ को करेंगे रवाना**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पहल पर हरेली पर्व से प्रदेश की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हरेली के दिन मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रथ सभी जिलों में भ्रमण कर लोगों को शॉर्ट फिल्मों, संदेशों और ब्रोशर के माध्यम से महिलाओं के कानूनी प्रावधानों और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराएगा।

मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा राज्य महिला आयोग के माध्यम से संचालित की जाएगी। प्रत्येक महतारी न्याय रथ में 2 अधिवक्ता भी होंगे, जो महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें जानकारी और सलाह देंगे। न्याय रथ के माध्यम से महिलाएं आवेदन भी दे सकेंगी, जिससे महिला आयोग द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। एक बड़ी एलईडी स्क्रीन होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में विभिन्न कानूनों संबंधित राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत लघु फिल्में दिखाई जाएंगी। महतारी न्याय रथ के संचालक के लिए प्रदेश सरकार ने डीएमएफ पॉलिसी में विशेष रूप से बदलाव किए हैं। न्याय रथ के संचालन के लिए जिले को मिलने वाली डीएमएफ राशि का उपयोग किया जाएगा।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि शिक्षित, अशिक्षित, गृहणी, नौकरी कर रही सभी महिलाओं को महिला आयोग के कार्यों और महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनों, नियमों और उनके अधिकारों को जानना बहुत जरूरी है। इसके लिए हरेली तिहार से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ की शुरूआत की जा रही है। इन महतारी न्याय रथों के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए और नि:शुल्क तथा त्वरित न्याय पाने के लिए किस तरह सरलता और सुगमता से महिला आयोग में आवेदन कर सकती हैं। यह रथ शुरूआत में खनिज न्यास निधि प्राप्त करने वाले नौ जिलों में पहले जाएगा, उसके बाद रथ प्रदेश के बाकी बचे जिलों के भ्रमण पर जाएगा।

नायक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की माताओं और बहनों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बीते साढ़े तीन वर्षों में राज्य सरकार ने विभिन्न स्तरों पर अनेक योजनाएं संचालित की हैं। हमारी इन योजनाओं की सफलता पूरे देश में उदाहरण बनी है। अब एक कदम और बढ़ते हुए एक और नयी योजना की शुरुआत की जा रही हैं। यह योजना भी देश में अपनी तरह की एकमात्र योजना होगी। इससे महिलाएं जागरूक होंगी और उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी से राज्य में महिलाओं के साथ होने वाली अपराधों में कमी आएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480